nt>

Title: Increase in the anti-national activities by ISI and Maoists in areas bordering Nepal.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) :अध्यक्ष महोदय, भारत और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में चल रही आई.एस.आई. तथा अन्य राट्रविरोधी गतिविधियों के साथ-साथ नेपाल के अंदर चल रही माओवादी गतिविधियों की ओर मैं सदन का ध्यान आकर्शित कराना चाहता हूं। पिछले 10-15 सालों से सीमावर्ती क्षेत्र अति संवेदनशील हो चुका है। वोहरा कमेटी ने भी इस सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता का जिक्र किया था। यहां पर भ्रट राजनीतिज्ञों का, भ्रट प्रशासनिक तंत्र का एक नापाक गठबंधन बन चुका है। माफिया और अपराधिक गिरोहों का आई.एस.आई. और राट्रविरोधी गतिविधियों में जुड़े हुए लोगों के बीच संबंध होने के कारण यह आज और खतरनाक रूप ले चुका है जिससे क्षेत्र की जो गतिविधियां हैं, आज जहां आई.एस.आई. और उससे जुड़ी हुई राट्रविरोधी गतिविधियों से यह सीमावर्ती क्षेत्र पहले ही बहुत संवेदनशील था। आज हमारे एकमात्र मित्र हिन्दू राट्र नेपाल के अंदर चल रही माओवादी गतिविधियों के कारण यह और भी संवेदनशील हो चुका है।

महोदय, सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में माओवादियों ने बहुत तेजी के साथ भारत विरोधी गतिविधियों को प्रारम्भ किया है। उन्होंने भारत की सीमा से जुड़े हुए क्षेत्र में दर्जनों बंकर बनाने भी शुरू कर दिए हैं। पहले यह सीमावर्ती क्षेत्र देश के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सबसे शांत था, लेकिन आज वहां भी अशांति कायम करने का काम किया जा रहा है। एन.डी.ए. की सरकार ने इस क्षेत्र की संवेदनशीलता को समझा था और वहां एस.एस.बी. को तैनात किया था। लेकिन स्पेशल सर्विस ब्यूरो के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वह माओवादियों की भारत विरोधी गतिविधियों का मुकाबला कर सके। उस अशांत हो रहे क्षेत्र की सरकार द्वारा अनदेखी की जा रही है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि इन सब गतिविधियों को ध्यान में रख कर उस क्षेत्र में चल रही राट्र विरोधी गतिविधियों के विरूद्ध भारत सरकार अविलम्ब कदम उठाए और जो भी गतिविधियां माओवादियों द्वारा वहां चलाई जा रही हैं, उनको कठोरता से कुचलने का प्रयास करे।

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : **अध्यक्ष महोदय, मेरा पाइंट आफ आर्डर है।**

MR. SPEAKER: No point of order in 'Zero Hour'.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Gurudas Dasgupta.

...(*Interruptions*)

KUMARI MAMATA BANERJEE (CALCUTTA SOUTH): Sir, I have given notice since yesterday. What has happened to that?...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : सब लोग इसी तरह से समय मांगेंगे तो कैसे काम चलेगा। एक बज जाएगा तो मैं हाउस एडजोर्न कर दूंगा।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Should Everybody stand up and say that he has given notice?

...(*Interruptions*)

श्री मित्रसेन यादव : मेरा लिस्ट में दूसरा नम्बर था।

अध्यक्ष महोदय : बोलते रहिए। Some senior Members are behaving in this manner.

Shri Dasgupta, please be very brief. We have wasted a lot of time.